NAI DUNIYA, Delhi, 11.10.2017
Page No. 12, Size:(18.19)cms X (12.81)cms.

बेंगलुरु में होगा देश का पहला आधार हवाई अड्डा

बेंगलुरु। एजेंसी

बेंगलुरु का केंपागौडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (केआईए) देश का पहला आधार के जरिए प्रवेश और बायोमेट्रिक बोर्डिंग सिस्टम वाला हवाई अड्डा बनने जा रहा है। इससे यात्रियों को जगह-जगह चेक प्वाइंट पर आईडी और बोर्डिंग पास नहीं दिखाना होगा।

द बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) के अनुसार, मार्च तक प्रवेश पर आधार और बायोमेट्रिक सिस्टम लागू किया जाएगा। जबकि दिसंबर 2018 तक एयरपोर्ट को पूरी तरह आधार आधारित चालित किए जाने की संभावना है। दरअसल हवाईअड्डों की सुरक्षा बढ़ाने और यात्रियों का प्रवेश आसान करने के लिए अब आधार से प्रवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत, बेंगलुरु का केआईए पहला हवाईअड्डा होगा। इसके लिए फरवरी से पायलट प्रोजेक्ट भी शुरू किया गया है और सका सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

विमान यात्रा करने वाले लोगों के लिए बड़ी सहूलियत

- **10** मिनट में मिलेगा बोर्डिंग पास
- **30** मिनट का समय लगता है अभी
- **05** सेकंड लगेंगे चेक प्वाइंट पर
- **2018** से होगी शुरुआत

यात्री एक गेट से अंदर आ सकेंगे

आधार के जरिए हर चेक प्वाइंट पर करीब पांच सेकंड लगेंगे। यानी बोर्डिंग गेट तक पहुंचने में केवल 10 मिनट का समय लगेगा। इससे ज्यादा से ज्यादा यात्री एक गेट से अंदर आ सकेंगे। अभी इस प्रक्रिया में करीब आधा घंटे का समय लगता है।

जानें कैसा होगा देश का पहला 'आधार एयरपोर्ट'

मिलेंगी ये सुविधाएं

- हर बार पहचान पत्र दिखाने से छुटकारा
- अलग-अलग दस्तावेज नहीं दिखाना होंगे
- सभी चेक प्वॉइंट्स पर आसानी से प्रवेश
- चेकिंग के लिए लंबा इंतजार कम

एयरलाइंस को फायदा

- सिक्योरिटी चेकिंग में आसानी
- एयरपोर्ट पर समय की होगी बचत
- यात्रियों की लोकेशन पता चलती रहेगी

सिक्योरिटी एजेंसी का झंझट कम

- यात्रियों का फोरेंसिक विश्लेषण आसान
- सुरक्षा पर दिया जा सकेगा अधिक ध्यान
- ऑपरेशनल डिपार्टमेंट की क्षमता बढ़ेगी।